>

Title: Smt. Delkar Kalaben Mohanbhai, member representing Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency, U.T. of Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu took oath in Hindi, signed the Roll of Members and took her seat in the House.

HON. SPEAKER : Shrimati Kalaben Mohanbhai Delkar.

Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu

Shrimati Delkar Kalaben Mohanbhai (Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu) - Oath - Hindi

… (*Interruptions*)

11.02 hrs

At this stage, Shri Venkatesh Netha Borlakuntha, Shri B.B. Patil and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्नकाल ।

प्रश्न संख्या 21, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल।

11.03 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

-

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 21, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल ।

-

(Q. 21)

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल: माननीय अध्यक्ष महोदय, देसी गौवंश से उपलब्ध होने वाला जो दूध है, उसमें निरन्तर कमी आ रही है ।... (व्यवधान) भारत सरकार ने उस बारे में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है । पूरे देश में, हर जगह देसी गौवंश के दूध उत्पादन को लेकर अनेक प्रकार के प्रयोजन किए गए हैं । माननीय मंत्री जी ने बहुत ही अच्छा उत्तर दिया है ।... (व्यवधान) अनेक योजनाएं चल रही हैं । मेरे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में भी हर जगह गौशालाएं खोली गई हैं । ए-2 मिल्क, जिसकी पूरी दुनिया में और देश में नितांत आवश्यकता महसूस की गई है, विशेष रूप से कोविड के दौरान, जिसमें भारत सरकार ने बहुत ही अच्छा काम किया है ।... (व्यवधान)

माननीय प्रधानमंत्री जी के क्रांतिकारी कदम के रूप में जो पोषण अभियान चल रहा है, इस संबंध में मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या हमारे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में ए-2 मिल्क... (व्यवधान)

11.04 hrs.

At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri T.R. Baalu, Dr. Farooq Abdulla and some other hon. Members left the House.

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, यह प्रश्नकाल है और मैं आपको प्रश्नकाल में पर्याप्त अवसर और पर्याप्त समय दूँगा । आप यहाँ पर चर्चा करने के लिए आए हैं, तो कृपया आप चर्चा कीजिए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन से सकारात्मक संदेश जाना चाहिए । आप प्रश्नकाल में हंगामा करते हैं । यह उचित नहीं है । यह गलत है । आप प्रश्नकाल में चर्चा कीजिए, प्रश्न पूछिए । इतने महत्वपूर्ण सवाल हैं ।

… (व्यवधान)

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल : माननीय अध्यक्ष महोदय, विपक्ष की जो यह करतूत दिख रही है । … (व्यवधान) ये किसानों की बात करते हैं । … (व्यवधान) बुंदेलखंड के किसानों का भला इस मोदी सरकार ने किया है । … (व्यवधान) हमारे यहां पानी की जो कमी थी, उसके लिए वहां जो व्यवस्थाएं की हैं, आजादी के बाद आज से पहले कभी नहीं हुईं । … (व्यवधान) अभी वर्तमान में माननीय प्रधान मंत्री जी गए थे, वहां 60 हजार हैक्टेयर जमीन हमारे क्षेत्र में सिंचित हुई । … (व्यवधान) मेरा उन्हीं से जुड़ा हुआ प्रश्न है । … (व्यवधान) गौवंश को चारा नहीं मिलता था, पीने को पानी नहीं मिलता था । … (व्यवधान) भारत सरकार पहले के जमाने में, भाजपा सरकार के आने से पहले, ट्रेन से पानी भेजने के बारे में सोचती थी । … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से देसी गौवंश के ए-2 मिल्क के बारे में निवेदन करना चाहता हूं । … (व्यवधान) हमारे बुंदेलखंड क्षेत्र में भारत सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी की पोषण अभियान की महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे हर व्यक्ति और बच्चे को पोषण मिल सके । … (व्यवधान) क्या देसी गौवंश का ए-2 मिल्क राशन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाने की कोई योजना है? … (व्यवधान)

डॉ. संजीव कुमार बालियान : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है । ... (व्यवधान) ए-2 मिल्क का प्रदेश में बहुत महत्व है और आज के दिन अगर आप देखेंगे तो शहरों में ए-2 मिल्क के लिए एक अलग कल्चर पैदा हुआ है, चाहे उसका दूध हो या घी हो । ... (व्यवधान) कुछ प्रदेश सरकारों ने प्रयास भी किया है । ... (व्यवधान) गुजरात में प्रयास हुआ है कि दूध भी राष्ट्रीय पोषण में दिया जाए । ... (व्यवधान) यह कार्य उत्तर प्रदेश सरकार का है । ... (व्यवधान)

अभी उत्तर प्रदेश और बिहार में कोऑपरेटिव बनाने के लिए 'जायका' स्कीम केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई है । ... (व्यवधान) अगर बुंदेलखंड के ए-2 मिल्क के लिए अलग से प्रदेश सरकार से नई कोऑपरेटिव या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी बनाने का कोई प्रस्ताव आता है, तो केन्द्र सरकार 'जायका' के माध्यम से उसमें मदद कर सकती है । ... (व्यवधान)

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रयास कर सकती है । ... (व्यवधान) उत्तर प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व वाली सरकार में हमारे क्षेत्र में हर गोपालक को 900 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से दिए जा रहे हैं । ... (व्यवधान) देसी गौवंश का बहुत अच्छे से संरक्षण हुआ है । ... (व्यवधान) हमारे यहां जो अन्ना प्रथा की समस्या थी, उसको लेकर मैं पिछली बार प्राइवेट मेंबर्स बिल भी लेकर आया था । ... (व्यवधान) आपने उस पर बड़ी सकारात्मक बहस कराई थी । ... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं उसी विषय पर बात करना चाहता हूं । ... (व्यवधान) हमारा बुंदेलखंड क्षेत्र बहुत फैला हुआ क्षेत्र है । ... (व्यवधान) एक गांव से दूसरे गांव की दूरी बहुत ज्यादा है । ... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि देसी गौवंश को जब कोई बीमारी होती है, उसको चिकित्सालय ले जाने में बड़ी असुविधा होती है । ... (व्यवधान) जब उस गौवंश को चिकित्सालय ले जाना पड़ता है, तब दूरी ज्यादा होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पाता है । ... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या भारत सरकार की कोई योजना है जिसमें उन चिकित्सालयों को हर गांव में या गांवों के नजदीक, जहां गांवों में दूरी ज्यादा है, हर गांव में किसानों के गौवंश के इलाज के लिए चिकित्सालय उपलब्ध कराने की भारत सरकार की क्या कोई योजना है? … (व्यवधान)

डॉ. संजीव कुमार बालियान : माननीय अध्यक्ष जी, आजादी के बाद पहली बार एक बहुत अच्छी स्कीम आई है, इसे आप मोबाइल वेटरनरी वैन या मोबाइल वेटरनरी क्लिनिक की स्कीम कह सकते हैं । … (व्यवधान) 2,980 मोबाइल वेटरनरी क्लिनिक्स पूरे देश में दिए जा रहे हैं, 476 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए हैं । … (व्यवधान) उसमें से 520 मोबाइल वेटरनरी क्लिनिक्स उत्तर प्रदेश के लिए दिए गए हैं और मुझे उम्मीद है कि इन मोबाइल वेटरनरी क्लिनिक्स के माध्यम से बुंदेलखंड जैसे जो पिछड़े क्षेत्र हैं, उनमें पशुपालकों को, जो गरीब पशुपालक हैं, उन्हें इलाज की सुविधा मिलेगी । … (व्यवधान) इन मोबाइल वेटरनरी क्लिनिक्स को चलाने के लिए 60:40 के रेश्यो में केन्द्र और प्रदेश सरकार आगे मदद करेंगी । … (व्यवधान) यह बहुत बेहतरीन स्कीम है, मुझे लगता है कि मोदी जी के नेतृत्व में एक गरीब पशुपालक के लिए इससे बेहतर कोई स्कीम नहीं हो सकती । … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आंध्र प्रदेश से संबंधित मुद्दे पर चर्चा होनी है । आप सब प्लीज़ अपनी सीट्स पर जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप जिसकी डिमांड कर रहे हैं, उस पर प्रश्न आया है । आप अपनी सीट्स पर जाकर बैठिए । आप आंध्र प्रदेश पुनर्गठन के मामले पर कई बार इश्यू उठाते हैं, लेकिन आप सदन में चर्चा नहीं करना चाहते हैं । यह उचित नहीं है । मैंने सभी माननीय सदस्यों से कहा है कि प्रश्नकाल माननीय सदस्यों का है, उनको चर्चा-संवाद करने का पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर मिलता है । माननीय सदस्य अगर प्रश्नकाल में हंगामा करेंगे, तो कैसे सकारात्मक माहौल बनेगा?

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह उचित नहीं है, आप अच्छा वातावरण बनाइए । मैंने आपकी किसी बात को नहीं माना हो, तो आप वेल में आइए, उसके पहले वेल में आने का क्या तर्क है? यह तर्क उचित नहीं है ।

… (व्यवधान)

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

(Starred Question Nos.22 to 40

Unstarred Question Nos.231 to 460)

(Page No. 15 to 713)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

… (व्यवधान)

11.09 hrs

(The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock)

<u>14.01 hrs</u>

The Lok Sabha re-assembled at One Minute past Fourteen of the Clock.

(Shri A. Raja *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

<u>14.01 ½ hrs</u>

At this stage, Shri B. B. Patil, Dr. Venkatesh Borlakunta and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)